तापमान

भोपाल	23.0°	28.0°
इंदौर	22.0°	29.0°
जबलपुर	23.0°	27.0°
ग्वालियर	26.0°	33.0°
सागर	22.0°	25.0°

नईदुनिया

वर्ष- 80
(भोपालः वर्ष 41 अंक 271, पृष्ठ 12)
भाद्रपक्ष, कृष्ण द्वितीया संवत् 2083
रविवार, 30 अगस्त 2026
कीमतः 3:00 रुपये

www.naidunialive.com
भोपाल संस्करण
भोपाल एवं सागर से एकसाथ प्रकाशित

राजधानी... महाकाल मंदिर को सावन में शीघ्र दर्शन से हुई 14.22...

खेल... एशियाई खेलों में पदक का रंग बदलना चाहती हैं आशी ...

व्यापार... एथेनॉल को लेकर सुप्रीम कोर्ट में 31 अगस्त को ...

देश-विदेश... रक्षाबंधन पर बाबा रामदेव ने कंगना रनोट को भेजी ...

नेपाल आपदा : हजारों लापता, सैकड़ों भारतीय तिब्बत में फंसे

काठमांडू, एजेंसी : नेपाल में आपदा से 700 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि तिब्बत में 7 लोगों की मौत की पुष्टी की गई है। 3000 से अधिक लोग लापता हैं। इनमें 320 भारतीय भी शामिल हैं। 400 भारतीय तिब्बत में फंसे हुए हैं। विदेश मंत्रालय के मुताबिक, रसुवा के हाइड्रोपावर प्रोजेक्ट से शनिवार को 4 भारतीय नागरिकों को सुरक्षित रेस्क्यू किया गया। नेपाल के गृहमंत्री सुदन गुरंग बाढ़ प्रभावित इलाके में चल रहे रेस्क्यू ऑपरेशन में खुद शामिल हुए। उन्होंने सुरंग के अंदर पहुंचकर बचाव टीमों के साथ काम किया और फंसे लोगों को बाहर निकालने के अभियान में मदद की।

बाढ़ में बहकर आई बैंक की तिजोरी लूटी

नेपाल के धादिंग जिले में बाढ़ के बाद एक बैंक की तिजोरी मिलने के बाद उसे तोड़कर रुपये चोरी करने का मामला सामने आया है। त्रिशूली नदी में आई बाढ़ के दौरान बहकर आई बैंक की सेफ को कुछ लोगों ने तोड़ दिया और उसमें रखे करीब 92 लाख नेपाली रुपये निकाल लिए। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 29 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, नदी किनारे मिली बैंक की तिजोरी को कुछ लोगों ने अपने कब्जे में ले लिया था और उसे तोड़कर उसमें रखी रकम निकाल ली।

हाइड्रोपावर प्रोजेक्ट से 4 भारतीय नागरिकों का सुरक्षित रेस्क्यू, 700 से अधिक की मौत



रायसेन जिले के दो युवक लापता

नेपाल रायसेन जिले के दो युवक लापता हैं। सुल्तानपुर तहसील के ग्राम मंजूस निवासी विशेष राजपूत और मंडीदीप निवासी हिमांशु शाक्या से 26 अगस्त की सुबह से परिजनों का संपर्क नहीं हो पाया है। दोनों युवक नेपाल के रासुवा जिले में अपर त्रिशूली- 1 हाइड्रो प्रोजेक्ट में काम कर रहे थे। बताया जा रहा है कि दोनों मंडीदीप की एक कंपनी के माध्यम से नेपाल की कंपनी में नौकरी करने पहुंचे थे। दोनों के मोबाइल फोन बंद हैं। परिजनों ने भारत सरकार और नेपाल प्रशासन से दोनों युवकों की तलाश कर सुरक्षित वापस लाने की गुहार लगाई है।

आकांश : कभी भी टूट सकता है दूसरी झील का बांध

वैज्ञानिक जेफ्री कार्गेल ने कहा कि नेपाल में बाढ़ प्रभावित इलाके के ऊपर बनी दूसरी झील का पानी अस्थिर है। बांध टूटा तो नीचे के इलाकों में फिर बड़ी बाढ़ आ सकती है। पहली झील का बांध शुक्रवार को टूट चुका है। अगर दूसरी झील भी टूटी तो उसका पानी पहली झील में पहुंचकर दोनों का पानी एक साथ नीचे ला सकता है। कार्गेल ने रेस्क्यू टीमों को ऊंचे इलाकों में तैयार रहने की सलाह दी है। दोनों झीलें नेपाल-चीन सीमा के पास हैं, जहां बुधवार को भीषण बाढ़ आई थी।

ग्लेशियर टूटने का वीडियो सामने आया

नेपाल में 26 अगस्त को ग्लेशियर टूटने और भूस्खलन के बाद अचानक बाढ़ आई थी। अब घटना के तीन दिन बाद ग्लेशियर टूटने का वीडियो सामने आया है। टूर गाइड के एक ग्रुप ने तिब्बत में एक ऊंची जगह से इसे कैमरे में रिकॉर्ड किया। वीडियो में नेपाल की सीमा के पास बर्फ से ढके पहाड़ और ग्लेशियर दिखाई दे रहे हैं। अचानक ग्लेशियर की बर्फ और चट्टानों का करीब 800 मीटर लंबा हिस्सा टूटकर नीचे घाटी में गिरता नजर आता है।

उज्बेकिस्तान पहुँचे पीएम मोदी, गर्मजोशी से स्वागत

▸▸ उज्बेकिस्तान के बाद किर्गिस्तान जाएंगे, एससीओ शिखर सम्मेलन में जिनपिंग-पुतिन से मुलाकात संभव

नईदुनिया ब्यूरो, नई दिल्लीः प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मध्य एशिया के दौरे पर गए। शनिवार को दो दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर उज्बेकिस्तान पहुंचे, जहां राष्ट्रपति शावकत मिर्जियोयेव ने स्वयं एयरपोर्ट पहुंचकर उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। दोनों नेताओं की यह मुलाकात भारत और उज्बेकिस्तान के बीच मजबूत होते रणनीतिक संबंधों को नई दिशा देने वाली मानी जा रही है। प्रधानमंत्री मोदी के दौरे के दौरान दोनों देशों के बीच रक्षा, व्यापार, निवेश, ऊर्जा और अन्य महत्वपूर्ण क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर व्यापक चर्चा होगी। भारत और उज्बेकिस्तान मध्य एशिया में अपनी रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने की दिशा में लगातार काम कर रहे हैं। दौरे के दौरान प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति मिर्जियोयेव के बीच द्विपक्षीय वार्ता होगी। पीएम मोदी किर्गिस्तान भी जाएंगे। एससीओ शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे। इस दौरान प्रधानमंत्री की चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग, रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और अन्य सदस्य देशों के नेताओं से मुलाकात संभव है।

खास-खबरें

सोनिया गांधी मामले में अगली सुनवाई 21 को

नईदुनिया ब्यूरो, नई दिल्लीः कांग्रेस नेता सोनिया गांधी का नाम मतदाता सूची में शामिल किए जाने से जुड़े मामले में विशेष न्यायाधीश ने पुनरीक्षण याचिका पर आदेश टाल दिया है। मामले की अगली सुनवाई 21 सितंबर को होगी। आरोप है कि भारतीय नागरिक बनने से पहले ही सोनिया गांधी का नाम मतदाता सूची में शामिल कर लिया गया था। शिकायतकर्ता विकास त्रिपाठी ने इस संबंध में एफआईआर दर्ज करने की मांग की थी। मजिस्ट्रेट अदालत द्वारा याचिका खारिज किए जाने के बाद शिकायतकर्ता ने सत्र न्यायालय में पुनरीक्षण याचिका दायर की थी।

मुंबई में दूध का थोक भाव 100 रुपये के पार

नईदुनिया ब्यूरो, मुंबईः त्यौहारी सीजन से पहले मुंबई और आसपास के महानगरीय क्षेत्रों में दूध की कीमतों में बड़ी बढ़ोतरी की घोषणा की गई है। बॉम्बे मिल्क प्रोड्यूसर्स एसोसिएशन ने थोक दूध की कीमत में 9 रुपये प्रति लीटर की वृद्धि की है। नई कीमतें एक सितंबर से लागू होंगी। कीमत बढ़ने के बाद थोक दूध का भाव 93 रुपये से बढ़कर 102 रुपये प्रति लीटर हो जाएगा। एसोसिएशन के अनुसार, नई दरें अगले छह महीने यानी 28 फरवरी 2027 तक लागू रहेंगी। इसे हाल के वर्षों में दूध की कीमतों में हुई सबसे बड़ी एकमुश्त बढ़ोतरी में शामिल बताया जा रहा है।

तालाब में डूबने से तीन छात्रों की मौत

नईदुनिया ब्यूरो, जोरहाट : असम के जोरहाट जिले में शनिवार को तालाब में डूबने से तीन छात्रों की मौत हो गई। हादसा जोरहाट शहर के समीप स्थित चिन्नामारा चाय बागान क्षेत्र में हुआ। पुलिस के अनुसार, 10 से 12 लड़कों का एक समूह अपने एक दोस्त का जन्मदिन मनाने के लिए तालाब किनारे गया था। इस दौरान तीन छात्र नहाने के लिए तालाब में उतरे, लेकिन गहरे पानी में जाने के कारण वे डूबने लगे और बाहर नहीं निकल सके। घटना की सूचना मिलते ही प्रशासन और राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल की टीम मौके पर पहुंची। एसडीआरएफ के जवानों ने राहत एवं बचाव अभियान चलाकर तालाब से तीनों छात्रों के शव बाहर निकाले।

गोरगी बांध फूटा, रामघाट पुल बहा व रेलवे ट्रैक डूबा

▸▸ 30 फीट उफान पर, कई गांव बने टापू, हेलिकॉप्टर से रेस्क्यू अभियान चला

नईदुनिया ब्यूरो, सतना : सतना जिले के गोरगी बांध फूटने के बाद कई क्षेत्रों में पानी भर गया है। सतना-चित्रकूट मार्ग तीन स्थानों से बंद हो गया है। मझगवां में रेलवे ट्रैक पर पानी भर गया, जबकि सतना-मानिकपुर रेलखंड के चितहरा रेलवे स्टेशन के पास ट्रैक जलमग्न हो गया।

इसके चलते 24 यात्री ट्रेनें और 20 मालगाड़ियां प्रभावित हुई हैं। पिंडरा पेट्रोल पंप के सामने सड़क का हिस्सा तेज बहाव में बह गया, जिससे एक ट्रक पलट गया। सड़क, थाना और पेट्रोल पंप परिसर में भी पानी भर गया है। कई मार्ग बंद हैं और बिजली के पोल व ट्रांसफॉर्मर प्रभावित हुए हैं। लगातार हो रही बारिश के चलते सतना, चित्रकूट, टीकमगढ़, छतरपुर और पन्ना जिलों में बाढ़ जैसे हालात बन गए हैं। चित्रकूट में पिछले 18 घंटे से जारी मूसलधार बारिश के कारण मंदाकिनी नदी करीब 30 फीट तक उफान पर आ गई है।

तेज बहाव के कारण रामघाट का 300 मीटर लंबा पुल बह गया। रामघाट और भरतघाट पूरी तरह जलमग्न हो गए हैं। नदी के बढ़े जलस्तर से घाट किनारे स्थित करीब 400 दुकानें पानी में डूब गई हैं। नयागांव राजमहल तक बाढ़ का पानी पहुंच गया है। कई लोग घरों और होटलों में फंस गए हैं। राहत और बचाव कार्य के लिए एसडीआरएफ की टीमें तैनात हैं। रेस्क्यू अभियान में मदद के लिए दो हेलिकॉप्टर से जवान पहुंचे हैं। पन्ना जिले में भी बाढ़ से कई गांव टापू बन गए हैं। बानसुजारा बांध के आठ गेट खोलकर धसान नदी में 792 घन मीटर प्रति सेकंड पानी छोड़ा जा रहा है। नागौद में थाना और पेट्रोल पंप परिसर में पानी भर गया, जबकि कोठी में मकान गिरने से चार भैंस दब गईं, जिनमें दो की मौत हो गई।

चित्रकूट में मंदाकिनी का रौद्र रूप

मुख्यमंत्री ने बोंदारी में किया संवाद

नक्सल प्रभावित क्षेत्रों के विकास पर जोरः डॉ. यादव

▸▸ 100 गांवों के समग्र विकास हेतु 225 करोड़ रुपये देने की घोषणा

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शनिवार को बालाघाट जिले के पूर्व नक्सल प्रभावित दूरस्थ गांव बोंदारी पहुंचे। उन्होंने ग्रामीणों और जनजातीय समाज के लोगों के बीच बैठकर उनकी समस्याएं सुनीं तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने बालाघाट जिले के 100 गांवों के समग्र विकास के लिए 225 करोड़ रुपये देने की घोषणा की।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस राशि से विकास कार्यों के साथ रोजगार, स्वरोजगार और आजीविका सृजन के अवसर बढ़ाए जाएंगे। पंचायत एवं ग्रामीण विकास, ऊर्जा, शिक्षा, उद्योग, महिला एवं बाल विकास, स्वास्थ्य, कृषि, पशुपालन, उद्यानिकी, जनजातीय कार्य और पर्यटन सहित विभिन्न विभागों के माध्यम से अधोसंरचना और सामाजिक-आर्थिक विकास के कार्य किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि सरकार का संकल्प सुरक्षा के साथ विकास और विकास के साथ रोजगार का है। नक्सलवाद के प्रभाव से मुक्त क्षेत्रों में सड़क, बिजली, पानी, शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं को मजबूत करने के साथ स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर विकसित किए जाएंगे।

मुख्यमंत्री ने युवाओं को अवसरों से जोड़ने पर विशेष जोर देते हुए कहा कि एमएसएमई, ग्रामोद्योग और स्थानीय उद्योगों को बढ़ावा दिया जाएगा। कृषि, डेयरी, पशुपालन, मत्स्य पालन, उद्यानिकी और खाद्य प्रसंस्करण के माध्यम से ग्रामीण परिवारों की आय बढ़ाने के प्रयास किए जाएंगे। महिलाओं और स्व-सहायता समूहों को छोटे उद्यमों से जोड़ने पर भी ध्यान दिया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने बैगा समाज के सर्वांगीण विकास के लिए विशेष संकल्प लेते हुए कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य, आवास, पेयजल और सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाया जाएगा।

बॉम्बे हाईकोर्ट की एफडीए को फटकार, पांच रेस्टोरेंट के लाइसेंस बहाल

नईदुनिया ब्यूरो, मुंबई : बॉम्बे हाईकोर्ट ने महाराष्ट्र फूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन (एफडीए) की कार्यप्रणाली पर कड़ी टिप्पणी करते हुए अधिकारियों के कार्रवाई करने के तरीके पर सवाल उठाए हैं। अदालत ने कहा कि अधिकारी नियमों और कानून को समझे बिना कार्रवाई कर देते हैं।

मामला मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन के पांच रेस्टोरेंट आउटलेट से जुड़ा है। एफडीए ने 21 अगस्त को प्रारंभिक जांच के बाद इन पांचों प्रतिष्ठानों के खाद्य लाइसेंस निलंबित कर दिए थे। इसके खिलाफ मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। मामले की सुनवाई के दौरान नई जांच रिपोर्ट पेश की गई, जिसमें बताया गया कि पांचों रेस्टोरेंट अब खाद्य सुरक्षा नियमों के 88 प्रतिशत मानकों का पालन कर रहे हैं। इसके आधार पर हाईकोर्ट की खंडपीठ ने पांचों रेस्टोरेंट को दोबारा खोलने की अनुमति दे दी और लाइसेंस निलंबन का आदेश वापस ले लिया। अदालत ने कहा कि खाद्य स्वच्छता सुनिश्चित करना जरूरी है, लेकिन प्रशासनिक कार्रवाई उचित और अनुपातिक होनी चाहिए। प्रतिष्ठानों को नियमों का पालन करने और कमियों में सुधार का अवसर भी मिलना चाहिए।

3 सांसदों को भाजपा अध्यक्ष की फटकार

नईदुनिया ब्यूरो, नई दिल्लीः भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष नितिन नबीन ने दिल्ली के तीन भाजपा सांसदों को पूर्व कांग्रेस सांसद सज्जन कुमार के परिवार के घर जाकर शोक व्यक्त करने के मामले में फटकार लगाई है। पार्टी सूत्रों के अनुसार, भाजपा नेतृत्व ने तीनों सांसदों के इस कदम पर नाराजगी जताई है। हाल ही में सांसद कमलजीत सहरावत, रामवीर सिंह बिधूड़ी और योगेंद्र चंदोलिया सज्जन कुमार के आवास पहुंचे थे। वहां उन्होंने उनके परिवार के सदस्यों से मुलाकात कर शोक संवेदना व्यक्त की थी। सज्जन कुमार का 20 अगस्त को निधन हो गया था। वह 1984 में तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की हत्या के बाद हुए सिख विरोधी दंगों से जुड़े मामलों में दोषी ठहराए गए थे।

वरिष्ठ आईपीएस अधिकारियों के तबादले

अंशुमन यादव बने एडीजी इंटेलिजेंस

▸▸ चंचल शेखर को मिली खेल विभाग की जिम्मेदारी, अनिल कुमार और श्रीनिवास वर्मा को भी मिला नया प्रभार



नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः मध्यप्रदेश पुलिस विभाग में वरिष्ठ आईपीएस अधिकारियों के तबादले और अतिरिक्त प्रभार को लेकर गृह विभाग ने आदेश जारी किए हैं। 1998 बैच के आईपीएस अधिकारी अंशुमन यादव को नया एडीजी इंटेलिजेंस (गुप्तवार्ता) बनाया गया है। इसके साथ ही उन्हें एडीजी साइबर, पुलिस मुख्यालय का अतिरिक्त प्रभार भी सौंपा गया है। अंशुमन यादव इससे पहले खेल एवं युवक कल्याण विभाग के संचालक पद की जिम्मेदारी संभाल रहे थे। वर्तमान एडीजी इंटेलिजेंस ए. साईं मनोहर 31 अगस्त 2026 को सेवानिवृत्त हो रहे हैं। उनके रिटायरमेंट से पहले ही सरकार ने गुप्तवार्ता शाखा की जिम्मेदारी अंशुमन यादव को सौंप दी है। 1995 बैच के आईपीएस अधिकारी चंचल शेखर को विशेष सशस्त्र बल के एडीजी पद से हटाकर खेल एवं युवक कल्याण विभाग का नया संचालक बनाया गया है। अंशुमन यादव के स्थान पर अब चंचल शेखर खेल विभाग की जिम्मेदारी संभालेंगे। 1993 बैच के आईपीएस अधिकारी अनिल कुमार को भी नई जिम्मेदारी दी गई है। वर्तमान में स्पेशल डीजी महिला सुरक्षा के पद पर कार्यरत अनिल कुमार को अपने मौजूदा दायित्वों के साथ स्पेशल डीजी एजेके (अनुसूचित जाति कल्याण), पुलिस मुख्यालय का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। 1997 बैच के आईपीएस अधिकारी डी. श्रीनिवास वर्मा को विशेष सशस्त्र बल और राज्य औद्योगिक सुरक्षा बल का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। श्रीनिवास वर्मा वर्तमान में एडीजी नारकोटिक्स और एडीजी एसटीएफ की जिम्मेदारी संभाल रहे हैं।

ममता बनर्जी पर किया मामला दर्ज

नईदुनिया ब्यूरो, कोलकाता : तृणमूल छात्र परिषद के स्थापना दिवस कार्यक्रम को लेकर पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। यह मामला 28 अगस्त को आयोजित कार्यक्रम से जुड़ा है। आरोप है कि कार्यक्रम के लिए अदालत की ओर से निर्धारित समय समाप्त होने के बाद भी आयोजन जारी रखा गया। शिकायत के अनुसार, कार्यक्रम के लिए दोपहर 12 बजे से अपराह्न 3 बजे तक का समय निर्धारित किया गया था। आरोप है कि तय समय सीमा के बाद भी कार्यक्रम चलता रहा। इसके अलावा तृणमूल कांग्रेस समर्थकों पर बैरिकेड हटाने, पुलिसकर्मियों के साथ धक्का-मुक्की करने और कैथेड्रल रोड पर यातायात बाधित करने के आरोप लगाए गए हैं।

तृणमूल छात्र परिषद के स्थापना दिवस पर बड़े राजनीतिक कार्यक्रम की अनुमति को लेकर पहले से विवाद चल रहा था।

पेपर लीक रोकने को परीक्षा व्यवस्था में बड़े सुधार की तैयारी : नीलेकणि

▸▸ टास्क फोर्स ने छात्रों, शिक्षकों व आम लोगों से मांगे सुझाव

नईदुनिया ब्यूरो, नई दिल्लीः केंद्र सरकार की छह सदस्यीय हाई-पावर्ड टास्क फोर्स ने सार्वजनिक परीक्षाओं की व्यवस्था में व्यापक सुधार के लिए लोगों से सुझाव मांगे हैं।

छात्रों, अभिभावकों, शिक्षकों, शैक्षणिक संस्थानों और नागरिक संगठनों को परीक्षा प्रणाली को अधिक सुरक्षित और पारदर्शी बनाने के लिए अपनी राय देने का अवसर दिया गया है। इंफोसिस के सह-संस्थापक नंदन नीलेकणि की अध्यक्षता वाली टास्क फोर्स विशेष रूप से राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) की परीक्षाओं के संचालन, सुरक्षा, परीक्षा डिजाइन और प्रशासनिक व्यवस्था में सुधार के उपायों पर काम कर रही है। केंद्रीय कार्मिक मंत्रालय के अनुसार, टास्क फोर्स का उद्देश्य सार्वजनिक परीक्षा प्रणाली को सुरक्षित, निष्पक्ष, पारदर्शी और भविष्य की आवश्यकताओं के अनुरूप बनाना है। इसके तहत पेपर लीक और अन्य अनियमितताओं को रोकने, संस्थागत व्यवस्था को मजबूत करने तथा तकनीक के बेहतर उपयोग पर सुझाव मांगे गए हैं। टास्क फोर्स छात्रों को होने वाली परेशानियों को कम करने और परीक्षा प्रक्रिया को अधिक प्रभावी बनाने के उपायों पर भी विचार करेगी। लोग अपने सुझाव 13 सितंबर तक हिंदी, अंग्रेजी अथवा क्षेत्रीय भाषाओं में भेज सकेंगे। सुझाव देने के लिए वेबसाइट, फोन, वाट्सऐप और ईमेल सहित विभिन्न माध्यम उपलब्ध कराए गए हैं।

कूटनीति

ट्रम्प ने बताया ऐतिहासिक समझौता, 17 तेल क्षेत्रों के विकास में 100 अरब डॉलर से अधिक निवेश की योजना...

वेनेजुएला के 65 अरब बैरल तेल उत्पादन पर अमेरिकी डील

वॉशिंगटन डीसी/काराकस, एजेंसीः अमेरिका और वेनेजुएला के बीच तेल क्षेत्र को लेकर एक बड़ा समझौता हुआ है। इस साझेदारी के तहत वेनेजुएला के करीब 65 अरब बैरल तेल भंडार से जुड़े उत्पादन और विकास कार्यों में अमेरिका की महत्वपूर्ण भागीदारी होगी। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने इसे इतिहास की सबसे बड़ी डील बताया है, जबकि वेनेजुएला की राष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिग्ज ने इसे ऐतिहासिक समझौता करार दिया है। अमेरिकी विदेश विभाग के अनुसार, वेनेजुएला में कार्यरत एक निजी कंपनी के साथ मिलकर तेल क्षेत्रों का विकास किया जाएगा। उपलब्ध जानकारी के मुताबिक, साझेदारी से होने वाले तेल उत्पादन में अमेरिका को 55 प्रतिशत हिस्सा मिलेगा। हालांकि, इस निजी कंपनी का नाम और समझौते की विस्तृत शर्तें अभी सार्वजनिक नहीं की गई हैं।

वेनेजुएला के पास दुनिया के सबसे बड़े तेल भंडार हैं और वहां 300 अरब बैरल से अधिक तेल मौजूद होने का अनुमान है। प्रस्तावित समझौता 65 अरब बैरल तेल भंडार से जुड़ा है, जो देश के कुल भंडार का लगभग पांचवां हिस्सा है। हालांकि, अमेरिका को इस तेल का पूर्ण मालिकाना अधिकार मिलेगा या केवल उत्पादन में हिस्सा, यह समझौते की विस्तृत शर्तें सामने आने के बाद ही स्पष्ट होगा।

भारत की तुलना में यह मात्रा काफी बड़ी है। भारत प्रतिवर्ष लगभग 1.6 से 1.7 अरब बैरल कच्चा तेल विदेशों से आयात करता है। इस हिसाब से 65 अरब बैरल तेल की मात्रा भारत की करीब 40 वर्षों की तेल आयात आवश्यकता के बराबर मानी जा रही है। राष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिग्ज के अनुसार, समझौते के तहत वेनेजुएला के 17 तेल क्षेत्रों को दोबारा विकसित किया जाएगा। इस परियोजना में 100 अरब डॉलर से अधिक निवेश की संभावना जताई गई है। इससे वेनेजुएला सरकार को आने वाले वर्षों में कर के रूप में करीब 209 अरब डॉलर की आय मिलने का अनुमान है।

वेनेजुएला के पास विशाल तेल भंडार होने के बावजूद आर्थिक संकट, निवेश की कमी, तेल उद्योग की कमजोर स्थिति और अमेरिकी प्रतिबंधों के कारण उत्पादन लंबे समय से प्रभावित रहा है। निकोलस मादुरो की गिरफ्तारी के बाद दोनों देशों के संबंधों में बदलाव आया और डेल्सी रोड्रिग्ज के राष्ट्रपति बनने के बाद तेल क्षेत्र में बातचीत तेज हुई।

विशेषज्ञों के अनुसार, यदि वेनेजुएला में तेल उत्पादन बढ़ता है तो वैश्विक बाजार में आपूर्ति बढ़ने से कीमतों पर दबाव पड़ सकता है। हालांकि, इसका असर तुरंत पेट्रोल-डीजल की कीमतों पर पड़ना तय नहीं है। ओपेक के फैसले, वैश्विक मांग और अन्य अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियां भी तेल बाजार की दिशा तय करेंगी।